तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

11 नवरात्र के 5वें दिन महाकाली मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



12 मेयर ने बूस्टिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### दो लोगों को रोशनी दे गई भागवंती देवी



**सोनीपत।** ओमैक्स सिटी सोनीपत निवासी भागवंती देवी मदान धर्मपत्नी स्वर्गीय हरिचन्द का नेत्रदान करवाया गया। परिवारिक सदस्य रमेश कुमार आर्य के संपर्क तथा महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के महासचिव हरभगवान रहेजा और प्रधान हरि चन्द स्नेही की विशेष प्रेरणा तथा आग्रह से माधव हस्पताल केन्द्र करनाल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा दिवंगत के निवास स्थान पर अर्द्धरात्रि को को किया गया। नेत्रदान से दो व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्राप्त होगी।

### सिसाना में युवक पर फायरिंग, बाल-बाल बचा

**खरखौदा।** सिसाना गांव में कई युवक एक युवक के घर पहुंच गए। उनमें से एक ने उस युवक पर गोली चला दी। सौभाग्य से वह बाल-बाल बच गया। सिसाना निवासी भरपूर ने बताया कि वह अपने छोटे भाई सुखपाल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर पर मौजूद था। घर के सामने से कुछ युवकों की सुखपाल को पुकारने की आवाज सुनाई दी। जब उसने घर का दरवाजा खोला तो पांच युवक उसके घर के सामने खड़े थे। जिनमें से एक युवक ने अपने चेहरे पर कपड़ा लपेटा हुआ था। जब वह युवकों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसका भाई सुखपाल घर से बाहर आ गया। इतनी देर में नकाबपोश युवक ने पिस्तौल निकालकर उसके भाई पर गोली चला दी।

### सूने मकान से नकदी और जेवर चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित मकान के ताले तोड़कर जेवरात व 60 हजार रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव चौगावा करनाल निवासी रामचंद्र ने बताया कि वह छह साल से सोनीपत के राज मोहल्ला में किराए पर रहते हैं। वह टेलर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह 13 अप्रैल को परिवार के सदस्यों के साथ अपनी बहन के घर यमुनानगर के गांव ड्योला गए थे। उनके मकान मालिक भी 14 अप्रैल को अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली चले गए थे। जिस पर पड़ोसी दिनेश छाबड़ा ने उनके घर में चोरी की जानकारी दी। ,

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, केस

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में टीडीआई फ्लैट का दरवाजा तोड़कर मकान मालिक से मारपीट कर घायल करने व अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। गुहणा हाल में टीडीआई फ्लैट नंबर-1203 निवासी दीपक ने बताया कि गत 14 अप्रैल को देर शाम अपने फ्लैट पर मौजूद था। उसी दौरान मोहित निवासी पटेल नगर, जमील, सौरभ निवासी बंदेपुर उसके फ्लैट पर आ गए। उसने डर के चलते दरवाजा नहीं खोला। वह बाहर से गाली-गलौच करने लगे। उसके बाद फ्लैट के दरवाजे को तोड़कर अंदर आ गए। उसके साथ हाथापाई करते हुए गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### ककरोई में बारात में आए युवक से मारपीट

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई में बारात में आए युवक से मारपीट करने व गाली-गलौच सहित धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बिधलान निवासी मनोज कुमार ने बताया कि गत 12 अप्रैल को वह गांव ककरोई में बारात में गया हुआ था। उसी दौरान अन्ना उर्फ कुलदीप भी आया हुआ था। उसने शराब पी रखी थी। किसी बात को लेकर वह गाली-गलौच करने लगा। जब इस संबंध में एतराज जताया तो उसने मारपीट करना शुरू कर दिया।

# 40 स्कूल वाहनों की जांच 12 के चालान, 4 इम्पाउंड

## सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत आरटीओ एवं सीएम फ्लाइंग टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सुरक्षित स्कूली वाहन नीति के तहत सोमवार को प्रशासन की ओर से अभियान चलाया गया। शिक्षा विभाग ने जहां स्कूलों में पहुंचकर स्कूल बसों एवं अन्य वाहनों का निरीक्षण किया। वहीं परिवहन अधिकारी कार्यालय की टीम ने सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ सड़कों पर दौड़ रहे स्कूली वाहनों की जांच की। इस दौरान तकरीबन 40 वाहनों का निरीक्षण किया गया और 12 के चालान किए गए, जिसमें से चार को इम्पाउंड किया गया। यह अभियान गोहाना और सोनीपत में चलाया गया। दूसर ओर शिक्षा विभाग के निदेर्शों के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में निजी स्कूलों का निरीक्षण किया तथा स्कूली बसों की जांच की। इसके साथ ही अधिकतर निजी स्कूल संचालकों ने सोमवार को ही अपने शपथ पत्र भी जमा करवाए। इन सबसे इतर निजी वाहनों के जरिये स्कूली विद्यार्थियों को लाने-ले जाने का काम करने वाले चालकों ने भी नजायज परेशाना ना करने की गुहार लगाई। महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए दर्दनाक हादसे से सबक लेते हुए सरकार व प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सोमवार को सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपनी टीम के साथ सड़कों पर उतरे और स्कूलों में जाकर स्कूल वाहनों की जांच की। इस दौरान खामियां मिलने पर तुरंत दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। जहां ज्यादा खामियां थी, उसकी सूचना आरटीओ को दी। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया व बीईओ सोनीपत ने शहर के विभिन्न स्कूलों की जांच की। इस दौरान स्कूल संचालकों को उचित निर्देश दिए। डीईओ ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वह नियमों का पालन करें।



**सोनीपत।** बसों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी।



**सोनीपत।** राजीव जैन को मांग पत्र सौंपते हुए निजी वाहन चालक।

### स्कूलों में जाकर वाहनों का निरीक्षण किया

सोमवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के साथ मिलकर विभिन्न स्कूलों में छापा मारते हुए बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान करीब 40 बसों की जांच करते हुए आठ के चालान किए गए हैं, जबकि चार स्कूल वाहन जब्त किए गए हैं। यह अभियान नियमित तौर पर जारी रहेगा।
**-गुरप्रीत**, मोटर वाहन अधिकारी (प्रवर्तन), सोनीपत

### वाहनों की खामियां तुरंत दूर करने के निर्देश

बच्चों की सुरक्षा को लेकर सोमवार को जिले भर में जांच अभियान चलाया गया। स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच की गई। बसों में जो खामियां मिली, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं अध्यापकों के मान-सम्मान का भी पूरा ख्याल रखा जाए। **-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### फिटनेस प्रमाणपत्र न मिलने पर बस जब्त

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व आरटीओ की संयुक्त टीम ने कई स्कूलों में छापा डाला। इस दौरान गोल्डन ईरा पब्लिक स्कूल में जांच के दौरान एक बस का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिलने पर बस को जब्त कर लिया गया। वहीं गोहाना के एक स्कूल की तीन बसों के न फिटनेस प्रमाणपत्र मिले और ना ही टैक्स भरा गया था। तीनों बसों को जब्त कर दिया। इसके अलावा अन्य स्कूलों की बसों के मानक पर खरा नहीं उतरने पर चालान किए गए।

### ये मिली खामियां

- कई स्कूल बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं मिले, जहां मिले उनमें पर्याप्त दवाइयां नहीं थी
- कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिले, वहीं कुछ में एक्सपायरी डेट के लगे हुए थे
- बसों में लगाए जाने वाले सीसीटीवी को लेकर भी लापरवाही बरती गई। कहीं सीसीटीवी खराब थे तो कई बसों में थे ही नहीं
- बसों के चालक भी वर्दी में नही मिले, जो वर्दी में थे उन्होंने बैज नहीं लगाया था

### वैन चालकों ने लगाई गुहार

कनीना (महेंद्रगढ़) में बस हादसे के बाद ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों को ले जाने वाले वैन संचालकों पर कसे जा रहे शिकंजे से परेशान वैन चालकों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन से भेंट कर अपनी परेशानियां बताई। राजीव जैन ने ट्रांसपोर्ट मंत्री असीम गोयल तथा विभाग के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर नाजायज परेशान ना करने का आग्रह किया। ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वैन चालक वैन में 20 -20 बच्चों को बैठाकर ले जाते हैं जबकि वैन की क्षमता 6 -7 बच्चों की है। अधिकारियों ने कहा कि क्षमता से ज्यादा बच्चे न बैठाएं तो हमें कोई परेशानी नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर वैन सीएनजी से चलती हैं और बच्चों को सीएनजी गैस सिलेंडर के उपर बैठा दिया जाता है जोकि खतरे से खाली नहीं है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वह किसी को नाजायज परेशान नहीं करेंगे।

**ज्यादा बच्चे बिठाना मजबूरी:** इस दौरान वैन चालकों ने कहा कि क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाना हमारी मजबूरी है अन्यथा हमें फ्री में ही सेवा करनी पड़ेगी। वैन चालकों ने कहा कि बच्चों को मां-बाप भी समय से पहले स्कूल भेजने से कतराते हैं अन्यथा हम एक-दो चक्कर भी करने को तैयार हैं।

# युवक के हत्यारों को उम्रकैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने तीनों को दोषी करार देकर सजा सुनाई

कुंडली थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में अदालत ने तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. संजीव आर्य की अदालत ने तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

गांव नांगल कलां के चौकीदार को टीडीआई के पास नांगल कलां की खाली पड़ी जमीन पर 3 जून, 2020 को युवक का शव पड़ा मिला था। उसकी तेजदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पर हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने का मुकदमा दर्ज किया था। मामले में कुंडली थाना के तत्कालीन प्रभारी रवींद्र कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए पानीपत के गांव मनाना निवासी अमित को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित ने बताया था कि उसने अपने साथी लल्हेड़ी के भोलू व भोलू के एक साथी संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उसने बताया था कि वह मृतक को नहीं जानता था। उन्होंने चाकू व राड से हमला कर वारदात को अंजाम दिया था। बाद में पुलिस ने पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए वेस्ट रामनगर के प्रिंस को दबोचा था। जिसके बाद शव की पहचान रोहतक के गांव सांघी व घटना के समय सोनीपत के वेस्ट रामनगर निवासी साहिल के रूप में हुई। उसने बताया था कि साहिल उसका व भोलू का दोस्त था। दो माह पहले भोलू के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसकी रंजिश में 2 जून, 2020 की रात को उन्होंने साहिल को पार्टी देने के बहाने घर से बुलाया था। उसकी मैक्स हाइट, बढखालसा के पास हत्या करने के बाद शव को टीडीआई के पास गड्ढे में फेंक दिया था। पुलिस ने पहले अमित और फिर प्रिंस को गिरफ्तार किया था। बाद में आरोपित गांव लल्हेड़ी के रजनीश उर्फ भोलू को अप्रैल, 2021 में दिल्ली के नरेला थाना की पुलिस ने मोनू लल्हेड़ी गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डा. संजीव आर्य की अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया। अदालत ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

## गांधी नगर से युवक लापता, केस

**गन्नौर।** गांधी नगर से एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लड़के के पिता ने गुमशुदगी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में शमशेर ने बताया कि उसका बेटा अंकित 10 अप्रैल को स्कूटी लेकर गया था। जो वापस नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। शमशेर ने बताया कि इससे पहले भी उसका बेटा घर से चला गया था जो डेढ़ साल बाद वापिस लौटा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## हेरोइन व चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली क्राइम यूनिट ने अलग-अलग स्थानों से मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव उर्फ गोलू पांची जाटान व अनिल उर्फ लीला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान पांची गांव के पास मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि एक युवक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घुम रहा है। टीम




ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास 5.99 ग्राम हेरोइन मिली। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं उप निरीक्षक पवित्र की टीम ने गश्त के दौरान अनिल उर्फ लीला को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास 356 ग्राम चरस मिली। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## रूखी में आग लगने से फांस जली, नुकसान

**गोहाना।** रूखी गांव में गेहूं के फांस के खेत में आग लग गई। आग लगने का कारण किसी व्यक्ति द्वारा सुलगती बीड़ी फेंकना बताया गया है।

- समाजसेवी रणदीप मलिक व उसके साथियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर पाया काबू

आग में एक एकड़ के फांस जल गए। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी रणदीप मलिक व उसके साथी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। आगजनी की सूचना दिए जाने पर दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। रणदीप मलिक ने कहा कि इस समय खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है। किसान फसल की कटाई कर रहे हैं। ऐसे में कोई भी व्यक्ति कहीं भी सुलगती बीड़ी ना फेंके। इससे आगजनी की घटना से भारी नुकसान हो सकता है।

# ईएसआईसी इंस्पेक्टर को बंधक बनाकर 50 लाख रुपये मांगने के दो और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जवाहर नगर से कार लेकर निकले कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) इंस्पेक्टर को बंधक बनाकर 50 लाख रुपये मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विशाल नगर निवासी जितेंद्र व प्रेम नगर निवासी नवीन है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां दोनों को जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस नगर निगम के डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जवाहर नगर निवासी सतीश कुमार ने सिटी थाना पुलिस को बताया था कि उनके सबसे बड़े भाई हरीश कुमार दिल्ली के रोहिणी में ईएसआईसी में इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हैं। उनके भाई 25 फरवरी को रात 9:20 मिनट



पर अपनी कार में सवार होकर घर से बाहर गए थे। देर रात उनका मोबाइल बंद हो गया था। 26 फरवरी को दिन में 11:19 बजे उनके भाई का फोन आया था और उसने खुद को ठीक बताया था। उसके बाद जवाहर नगर के उनके परिचित विकास से हरीश की बात हुई थी। हरीश ने 3 बजे तक 50 लाख रुपये का इंतजाम करवाने को कहा था। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी। जिस पुलिस ने बंधक बनाकर रखने का मुकदमा दर्ज किया था।

### पुलिस ने अदालत में पेश किया, जेल भेजा

उसके बाद हरीश ने घर लौटकर बताया था कि डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत ने एक मकान में उन्हें बंधक बनाकर रखा था और पीटा था। इसके साथ 50 लाख रुपये की मांग की गई थी। मामले की जांच में पता लगा था कि किसी प्लॉट को लेकर विवाद है। पुलिस ने मामले में डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामले में एससीएसटी एक्ट की धारा भी लगाई थी। अब एसीपी राहुल देव की टीम ने मामले में दो आरोपियों जितेंद्र व नवीन को पकड़ा है। दोनों को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# 35 हजार लेकर कार में लिंग जांच कर रहे थे, मेडिकल स्टोर संचालक सहित तीन गिरफ्तार, एक भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले से सटे उत्तर प्रदेश की सीमा में कोख के कातिलों का गिरोह सक्रिय है। महिला डिकॉय ने भ्रूण लिंग जांच के लिए 35 हजार में सौदा किया। जिस पर महिला को मेरठ जिले के गांव जानी खुर्द ले जाया गया और वहां पर ब्रेजा गाड़ी में भ्रूण लिंग जांच की गई। महिला के गर्भ में लडका बताया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई कर मेडिकल स्टोर संचालक समेत तीन लोगों को काबू कर लिया। वहीं लैब संचालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर भाग गया। आरोपियों के पास से 30 हजार रुपये बरामद कर अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया है। मेरठ जिले के जानी खुर्द थाने में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

- पीसी पीएनडीटी टीम ने मेरठ पहुंचकर की कार्रवाई

सोनीपत स्वास्थ्य विभाग की गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी पीएनडीटी) टीम को भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिल रही थी। सूचना थी कि कुछ लोग उत्तर प्रदेश के बागपत, मेरठ व गाजियाबाद जिले के लोनी के आसपास भ्रूण लिंग जांच



**सोनीपत।** पकड़े गए आरोपितों के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम।

करवाते है। इस पर सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर ने उन्हें पकड़ने के लिए टीम का गठन किया था। टीम में पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक, डॉ. जितेंद्र व डॉ. किरण को शामिल किया गया। साथ ही अल्ट्रासाउंड कराने के लिए महिला डिकॉय को तैयार किया गया। महिला डिकॉय का संपर्क सोनीपत बस अड्डा क्षेत्र निवासी नरेंद्र कौशिक से हुआ। भ्रूण लिंग जांच कराने के लिए दलाल नरेंद्र कौशिक व डिकॉय के बीच 35 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। 8 अप्रैल को डिकॉय ने नरेंद्र को 5000 रुपये दे दिए। नरेंद्र कौशिक ने गांव सांदल कलां निवासी रामपाल से भ्रूण लिंग जांच कराने की बात की। रामपाल ने गांव के ही रहने वाले शौकीन से बात की। इसके बाद शौकीन ने महिला डिकॉय को सोनीपत बस अड्डे पर बुलाया। इसके बाद शौकीन उन्हें बागपत अड्डे पर लेकर पहुंचा और कुछ समय बाद वहां पर बागपत निवासी मेडिकल स्टोर संचालक शक्ति सिंह पहुंचा। इसके बाद दोनों महिला को लेकर मेरठ की तरफ चल पड़े। वह जब बागपत से काफी दूर मेरठ जिले के गांव जानी खुर्द के नजदीक पहुंचे तो वहां ब्रेजा गाड़ी में सवार होकर लैब संचालक असलम व सुभारती विश्वविद्यालय के बीएससी डीएमएलटी के छात्र शाहनवाज आए। वह महिला को ब्रेजा गाड़ी में बैठाकर 500 मीटर दूर भोला जाल नहर के पास पहुंचे। इस दौरान गाड़ी के अंदर ही असलम ने बिना किसी कागजी कार्रवाई के महिला का अल्ट्रासाउंड किया और गर्भ में बेटा होना बताया। इसके बाद आरोपी अपनी गाड़ी से महिला को उतारकर चलने लगे तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग व पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मेरठ निवासी लैब संचालक असलम अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गया। जबकि हापुड़ निवासी छात्र शाहनवाज, बागपत निवासी शक्ति सिंह और सांदल कलां निवासी शौकीन को काबू कर लिया। इस दौरान पीएनडीटी टीम ने कार्रवाई करते हुए शौकीन व शक्ति सिंह के पास से 15-15 हजार रुपये बरामद किए। गाड़ी में रखी अल्ट्रासाउंड मशीन, पैन ड्राइव व लैपटॉप को सील कर दिया। इसके बाद तीनों आरोपियों को पुलिस को सौंपकर जानी खुर्द थाने में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। टीम के साथ मेरठ के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीन गौतम मौजूद रहे।

## सिर पर पत्थर मारकर हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया

बहालगढ़ थाना पुलिस ने हत्या की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी मुजफ्फर नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### ये था मामला

गांव शहपुर तुर्क निवासी विकास ने गत 28 मार्च को शिकायत देकर बताया था कि वह सिक्योरिटी का काम करता है। उसके पास इमरान निवासी तेजगांव उत्तर प्रदेश बरेली आकर रहने लगा। उसने उसे नौकरी पर लगवाया दिया। उसी एक दिन पहले ही उससे काम के सिलसिले में बात हुई। उसने ऑफिस में आने के लिए बातचीत की, लेकिन वह नहीं आया। उसके बाद वह घर चला गया। सुबह सात बजे घुमने के लिए सेक्टर-7 देवीलाल पार्क गया था। पार्क में भीड़ इक्ट्ठी हो रखी थी। उसने जाकर देखा एक लड़का जिसे काफी चोटे लगी हुई थी। उसने देखा कि वह इमरान है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपित दीपक निवासी नगला बदायुं को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# सहेली



रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

## बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति



लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।


**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे।

---

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

## इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे



विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है, क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो।



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।

---



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

## पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

### पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

पति की अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है।

---

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

## स्ट्रेच मार्क्स अपनाएं ये घरेलू उपाय



शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-

- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है। यह नहाने के तुरंत बाद करें तो ज्यादा फायदेमंद है।
- एलोवेरा जैल को स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश करना अधिक फायदेमंद होगा।
- सनस्क्रीन लोशन भी लगा सकती हैं।
- हमेशा स्किन की नरिशिंग करने वाले न्यूट्रिशस फूड्स लें।

---

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन



ब्यूटी सजेशन

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइजर की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।



- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

---

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक



चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।



**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें।

**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**ब्लशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।

**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। इससे आपका नेचुरल लुक कंप्लीट हो जाएगा।

प्रस्तुतिः मानसी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



गोहाना। छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को मतदान की सामूहिक शपथ दिलाई

**गोहाना।** सोमवार को शहर के गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने शपथ ग्रहण की कि वे स्वयं अनिवार्य रूप से मतदान करेंगी तथा दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगी। मतदाता जागरूकता अभियान की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सतीश कुमार ने की। संयुक्त संयोजन एनसीसी की अधिकारी डॉ. एकता वशिष्ठ और कॉमर्स डिपार्टमेंट की प्राध्यापक रेणु जांगड़ा ने किया। प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि अपने मताधिकार का इस्तेमाल निर्भीक हो कर करें।

### दुष्यंत चौटाला कल 6 हलकों की लेंगे बैठक

**गोहाना।** लोकसभा चुनाव को मद्देनजर पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 17 अप्रैल को जिला सोनीपत के सभी 6 हलकों के पार्टी कार्यकताअरं की बैठक लेंगे। सोमवार को यह जानकारी जजपा के जिला प्रैस प्रवक्ता जोनी लठवाल ने दी। प्रवक्ता लठवाल ने बताया कि जेजेपी पार्टी ताऊ देविलाल के विचारों का अनुसरण करते हुए आम जन मानस के बीच में रहकर उनकी भावनाओं के अनुरूप राजनीतिक फैसले लेती है।

### डॉ अंबेडकर के जीवन पर नाट्य प्रस्तुति दी

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में कुलपति प्रो. सुदेश के दिशा निर्देश अनुसार संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएचएल की प्राचार्या डॉ वीणा गर्ग ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामपाल एवं डॉ. ममता ने बताया कि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में डॉ अंबेडकर के जीवन का चित्रण किया गया।



गोहाना। कार्यकर्ताओं के साथ खरीद केंद्र का दौरा करते हुए विधायक इन्दुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

### गेंहू खरीद केंद्र बंद करने से लोग हो रहे परेशान

**गोहाना।** बरोदा हलके के गांव भैंसवाल कलां में गेहूं खरीद केंद्र बंद करने पर हलका विधायक इन्दुराज नरवाल ने कड़ी आपत्ति जताई है। खरीद केंद्र दोबारा से शुरू करवाने के लिए विधायक ने प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर से फोन पर बात की। गांव भैंसवाल कलां में गेहूं खरीद केंद्र बंद करने से विधायक इन्दुराज नरवाल ने केंद्र का दौरा किया। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा गांव भैंसवाल कलां के गेहूं खरीद केंद्र को बंद करके गबांव तिहाड़ मलिक साइलो में अनाज डालने का दबाव डाला जा रहा है। यह खरीद केंद्र पिछले 40 साल से चल रहा था।


हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया, शोभायात्रा में दिखी भक्तों की आस्था, जगह-जगह स्वागत

# नवरात्रों के सातवें दिन महाकाली मंदिर में उमड़ी भीड़

## भाजपा जिला प्रवक्ता तरूण देवीदास ने शोभायात्रा में शामिल होकर की मातारानी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मसद मोहल्ला स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर (कुटिया) में श्री सियाराम सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा एवं माता की चौकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा जिला प्रवक्ता तरूण देवीदास ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने हनुमान स्वरूप का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में रूपांशु त्रिखा ने हनुमान स्वरूप धारण किया। इस अवसर पर संजय बब्बा, मोहनलाल, राहुल शर्मा, संजय शर्मा, कुलदीप चुघ, सन्नी परुथी, संजय, पंडित भगवान दास आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान डा. स्वामी दिव्यानंद महारजा, भाजपा नेता योगेशपाल अरोड़ा एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। बड़ी महाकाली मंदिर में पूजा के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता तरुण देवीदास का स्वागत करते हुए।

### खास बातें

- मसद मोहल्ला स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर (कुटिया) में श्री सियाराम सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा
- नवरात्रों के सातवें दिन बड़ी स्थित महाकाली माता मन्दिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही

### नवमी पर होगा भंडारा

मंदिर के महंत मंशापुरी महाराज ने बताया कि 17 अप्रैल को नवमी के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भंडारा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच प्रसाद ग्रहण करें।

### महाकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**गन्नौर।** नवरात्रों के सातवें दिन बड़ी स्थित महाकाली माता मन्दिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा करने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना के बाद माथा टेककर मन्नत मांगी। मन्दिर के संस्थापक महंत मंशापुरी जी महाराज ने बताया कि नवरात्रों में मन्दिर में आकर पूजा अर्चना करने से माता उनकी मनोकामना पुरी करती है। सातवें नवरात्रे में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप का नाम मां कालरात्री की है। पुजारी मंशापुरी जी महाराज ने बताया नवरात्रों में माता के मन्दिर में जाकर पूजा करना बहुत शुभ होता है। पूजा के समय व्रत रखने वाले भक्तों को नारियल व चुन्नी के साथ माता का सिंगार भी प्रसाद में चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से माता भक्तों की मन्नत पूरी करती है। महाकाली माता मन्दिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही

## पांच दिवसीय राम कथा महोत्सव ध्वजारोहण के साथ हुआ प्रारंभ

- धर्म साधना केवल धर्म की चर्चा ही नहीं, जीवन में धर्म का आचरण है : स्वामी दिव्यानंद जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि धर्म साधना सुंदर स्वभाव बनाने की कला है, जिस पर जीवन टिका है। धर्म कुछ धार्मिक क्रियाकलाप कर लेना मात्र नहीं है और न ही कोई धार्मिक चिन्ह धारण कर लेना है। यह धार्मिक कर्मकांड भी अर्थहीन नहीं है, बड़ा मीनिंगफुल है, यदि कोई इसे सही अर्थ में समझ लेवे। धर्म तो हमारे जीवन की ठोस नींव है, हमारे जीवन को धारण करता है, शर्त यह है कि यदि हम धर्म को सही अर्थ में समझ लें तो। केवल मजहबी बने रहें, मजहब पंथ के नाम पर उन्मादी हो जाएं तब ऐसे में धर्म के नाम पर जीवन में नया कुछ भी घटने वाला नहीं है। वे मॉडल टाऊन सोनीपत में नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित श्री राम कथा का शुभारंभ कर रहे थे। सोनीपत से पूर्व जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा ने ध्वज पूजन एवं ध्वजारोहण किया। धर्म कुछ धार्मिक क्रियाकलाप कर लेना मात्र नहीं है और न ही कोई धार्मिक चिन्ह धारण कर लेना है। यह धार्मिक कर्मकांड भी अर्थहीन नहीं है, बड़ा मीनिंगफुल है, यदि कोई इसे सही अर्थ में समझ लेवे। इस मौके पर सुरेंद्र मोहन खुराना, बलदेव नारंग, कृष्ण नंदवानी एवं हंसराज बतरा ने आशीर्वाद लिया। रामकथा में भागवान श्रीराम के मर्यादित जीवन का वर्णन किया।

## 415 लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच

- राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने किया नेत्र शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हल्का राई के गांव नाहरी में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने निशुल्क नेत्र जांच कैम्प का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा लगाए गए शिविर में 415 लोगों की आंखों की जांच हुई व फ्री दवाई व फ्री चश्में दिए गए। समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने बताया कि शिविर में आए 42 लोगों के मोतियाबिंद का फ्री ऑपरेशन करवाया जाएगा। डॉ श्रॉफ व दृष्टि सेवा स्मिति से डॉ धीरेंद्र सिंह व नरेंद्र भूटानी ने शिविर में आए लोगों की आंखों की जांच की। गांव नाहरी के साथ गांव नाहरा, गांव हलालपुर, गांव खेड़ी व बिन्द्रोली से भी लोगों ने कैम्प में जाँच करवाई। गाँव से नवाब सिंह, सोनू वाल्मीकि, महेश पराशर, शोभा प्रधान, कुलदीप दाहिया, मोनू दाहिया, टीनू दाहिया, समुंदर दाहिया, बाला देवी, शकुंतला दाहिया, सुनीता दाहिया, विनोद दाहिया आदि शामिल रहे।



राई। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा शिविर में आए लोगों को चश्मे वितरित करते साथ में ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## आचार संहिता की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए : विवेक

- एसडीएम विवेक आर्य ने अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव संबंधीं दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम एवं बरोदा विधानसभा के सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी विवेक आर्य ने सोमवार को अपने कार्यालय में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाने को लेकर चुनाव से जुड़ी एफएसटी टीमों के अधिकारियों की बैठक ली और चुनाव तैयारियों बारे चर्चा करते हुए उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एफएसटी टीमों से जुडे अधिकारी अपनी डियूटी ईमानदारी और निष्पक्षता से करें और आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाए और उलंघना करने वाले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी विवेक आर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संम्बंधित शिकायत कर सकता है। टोल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों पर टीम के अधिकारी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाही करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सी-विजिल एप भी एक महत्वपूर्ण एप है। सी-विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है। इस पर आने वाली शिकायत का तुरंत और तय समय में निपटान जरूरी है। बैठक में सिंचाई विभाग के एक्सईएन पुनीत साहनी, एक्सईएन अश्वनी फौगाट, एसडीओ अक्षय कुमार, कृषि विभाग से टीए विपिन, बरोदा विधानसभा कंट्रोल रूम के इंचार्ज कमल आहुजा, लेखाकार प्रवीन मोर, पुलिस विभाग से एसआई सतबीर हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



गोहाना। एसडीएम विवेक आर्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर किया प्रदर्शन

- प्रतिमा खंडित करने वाले शरारती तत्वों की पहचान करके कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जींद जिले के गांव लोहचब में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर क्षेत्र के लोग भडक गए। विभिन्न संगठनों के लोगों ने सोमवार को शहर में फव्वारा चौक के पास एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और सरकार से मांग की कि संविधान निमार्ता की प्रतिमा को खंडित करने वाले शरारती तत्वों की पहचान करके उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

हरियाणा एससी महासभा हरियाणा के गोहाना इकाई के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहरा और पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के अध्यक्ष धुलाराम ने कहा कि जींद जिले के गांव लोहचब में छह अप्रैल को डा. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। उनकी इस प्रतिमा का अनावरण रविवार को उनके जन्मदिवस पर किया जाना था। इससे पहले ही शरारती तत्वों ने प्रतिमा को खंडित कर दिया। इस कारण समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई है। संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से मांग की कि शरारती तत्वों की पहचान करके उनको गिरफ्तार किया जाए। राज्य सरकार सरकारी खर्च पर बाबा साहेब की प्रतिमा को दोबारा लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस मौके पर अशोक बामनिया, राममेहर मान, जिला पार्षद रवि इंदौरा, विकास तंवर, रामू रामपाल वाल्मीकि, सतीश उरलाना, पूर्व सरपंच बिजेंद्र, भल्ले राम नरवाल, सूबेदार प्रेम सिंह धानिया, सूरजभान, चांदराम, हरिदास गिरोह, महेंद्र सरोहा, जगत सिंह मदीना, ईश्वर फौजी, गुलाब नरवाल, जगशेर नुरनखेड़ा, संदीप नरवाल, दलबीर राठी आदि रहे।



गोहाना। प्रदर्शन करते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## पानी की निकासी को नाला सफाई अभियान चलाया

- टेहा ग्राम पंचायत ने नालों की सफाई की संभाली कमान, जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

टेहा गांव में पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले की समय पर सफाई नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत ने आगे बढ़कर खुद ही सफाई की कमान संभाल ली है। अब ग्राम पंचायत अपने खर्चे पर नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। पंचायत ने इस संबंध में कार्य शुरू भी कर दिया है। गौरतलब है कि टेहा गांव में दूषित पानी की निकासी की पुरानी समस्या है। गांव के लिए दूषित पानी की निकासी के लिए बनाया गया जोहड़ का भी अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में अधिग्रहण कर लिया गया था, लेकिन निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं की गई। जिस वजह से गांव में दूषित पानी की निकासी एक मात्र जरिया जीटी रोड से गुजर रहा दूषित पानी का नाला है। नाले की लंबे समय से सफाई न होने के कारण वह गंद से अटा पड़ा था। प्रशसन भी नाले की सफाई की सुध नहीं ले रहा था। ऐसे में बरसात का मौसम आने से पहले ही दूषित पानी की निकासी व्यवस्था को दुरस्त करने का बीड़ा उठाया है। सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि यदि नाले की समय पर सफाई नहीं करवाई गई तो बरसात के मौसम में गांव में जलभराव की स्थिती बन जाएगी।



गनौर। टेहा के सरपंच गांव के बाहर से गुजर रहे दूषित पानी के नाले की सफाई करवाते हुए साथ में ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## सफाई कर्मियों ने की रुके वेतन की मांग, सरकार के खिलाफ लगाए नारे

**सोनीपत।** राई ब्लॉक में इकट्ठे होकर ग्रामीण सफाई कर्मियों ने वेतन की मांग की। अध्यक्षता ब्लॉक व जिला प्रधान, राजेश रसोई ने किया वहीं जिला सचिव राजेश टोकी ने संचालन किया तथा बैठक को कोषाध्यक्ष जसमेर, उप प्रधान राजेश प्रवेश नंगल, बबली देवी आदि ने संबोधित किया। राजेश टोकी ने बताया कि 10 अक्टूबर से 29 नवंबर तक 51 दिन की हड़ताल में सरकार के साथ, पक्के रोजगार, 17000 रुपये मानदेय, रिटायरमेंट पर 2 लाख की राशि, 5 लाख का बीमा, सालाना 1000 रुपये वर्दी धुलाई भत्ता, 2000 रुपे सालाना ओजरों का भत्ता लागू करने पर सहमति बनी थी। जिन्हें लागू करने के लिए एक माह का समय मांगा था, लेकिन सुविधाएं लागू करने की बजाए ऑनलाइन हाजरी एप फोन द्वारा जारी करने का प्रस्ताव बना दिया जिसका वे विरोध करते हैं।

मंडी में अव्यवस्था को किसानों का चढ़ा पारा, बैठक कर की सभी सुविधाओं की मांग

# फरमाना अनाज मंडी में हो रही असुविधा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सोमवार को गांव फरमाना की अनाज मंडी में हुई बैठक में बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए। आल इंडिया गहलावत खाप के प्रधान दयानन्द गहलावत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडी में किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ है। लोगों को सुविधा देने के लिए सरकार बनाई जाती है। जो जनता को सुविधा देने का कार्य करती है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि फरमाना मंडी में सरकार द्वारा पहले से जो सुविधाएं दी गई हैं, उन्हें क्यों समाप्त किया जा रहा है। मंडी में किसानों को आवश्यक सुविधाएं नहीं दी गई तो किसानों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। सुविधाएं देना तो दूर, मंडी को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि किसानों की समस्या का हल नहीं निकला तो किसान संघर्ष करने को विवश होंगे, जिसके लिए प्रशासन व सरकार जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए धीरे-धीरे मंडियों को समाप्त किया जा रहा है। समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को एकजुट होना होगा। इस मौके पर युवा जिला प्रधान विरेन्द्र पहल, खरखौदा ब्लॉक प्रधान जय सिंह नकलोई, सोनीपत ब्लॉक प्रधान विनोद राणा, युवा ब्लॉक प्रधान भोला पहलवान, फरमाना सरपंच जगदीश ,पूर्व सरपंच विरेन्द्र फरमाना, पूर्व सरपंच राजेश रिढ़ाऊ व विभिन्न गांव के किसान मौजूद रहे।



खरखौदा। किसानों को संबोधित करते दयानंद गहलावत। फोटो : हरिभूमि

## जिले में हो जा चुकी है 66390 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में रविवार रात तक 66390 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 66390 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 29768 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 26655 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 8814 तथा एफसीआई द्वारा की गई 1153 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिले की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 520 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केंद्र पर 159 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 8245 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 30492 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 760 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 150 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 11067 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 210 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 1629 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 1100 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 778 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 568 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 1720 मीट्रिक टन गेंहू खरीदा गया।

## खबर संक्षेप

### कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया



**सोनीपत।** सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नवरात्रों के पावन अवसर पर बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत /"कन्या पूजन आखिर कब तक?/" विषय पर सेमिनार एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन शिव शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड सोनीपत में किया गया। डॉ. दीपक कौशिक, पीसीपीएनडीटी सदस्य मुख्यतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. जगदीश बत्रा, डॉ. ममता सचदेवा संरक्षक सारथी ट्रस्ट, प्रिंसिपल भावना आंतिल, डॉ. मीनू गबरानी मौजूद रहे।

### सिक्का कालोनी में नेत्र जांच शिविर लगाया



**सोनीपत।** महात्मा आशानन्द वधवा-हिन्दू मंच सोनीपत और जिला अंधता निवारण समिति सोनीपत का 245 वां आंखों के फ्री कैम्प का संस्था प्रधान हरि चन्द स्नेही की अध्यक्षता में लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला सिक्का कालोनी सोनीपत में आयोजित किया गया। जिसमें राम लाल कपूर और अयुध्या कुमारी कपूर की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र डॉ. नरेश कपूर और सुपौत्री पूनम बगाई सोनीपत का योगदान प्राप्त हुआ।

### शिविर में 62 ने किया रक्तदान



**खरखौदा।** वीर फाउंडेशन द्वारा आर्यवर्त नारी शक्ति टीम व रेड क्रॉस सोसायटी सोनीपत के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं के लिए सांपला मार्ग पर स्थित हेरिटेज स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 62 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमित राणा ने विद्यालय के स्टाफ व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को रक्तदान से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करते हुए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

## खुद चलाकर देखी मोटर, पेयजल की गुणवत्ता भी जांची

# मेयर ने किया वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का औचक निरीक्षण

## पेयजल आपूर्ति एजेंसी के प्रतिनिधि और कर्मचारियों से हालातों का जायजा लिया

**हाऊसिंग बोर्ड कालोनी बूस्टिंग स्टेशन में लगी चार में से दो मोटर मौके पर मिली बंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर निखिल मदान ने सोमवार को शहर के विभिन्न वाटर बूस्टिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और मौके पर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मेयर निखिल मदान वार्ड नंबर 2 में मुखी अस्पताल के पास बने वाटर बूस्टिंग स्टेशन में पहुंचे और मौके पर मौजूद पेयजल आपूर्ति एजेंसी के प्रतिनिधि और कर्मचारियों से बात कर हालातों का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर सहित सुदामा नगर और धानक बस्ती के लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासी अशोक शर्मा ने बताया की पिछले दो दिन से उनके यहां मिटटी वाला पानी आ रहा था जिसकी शिकायत उन्होंने मेयर निखिल मदान और पार्षद सुरेंद्र नैय्यर को दी थी। आज सुबह की पेयजल आपूर्ति में पानी साफ आ रहा है। मेयर निखिल मदान ने बताया की मुखी अस्पताल के पास बने 2 .5 एम एल डी क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक में जाजल रेनीवेल से पेयजल आपूर्ति होती है, जिसमे एक पाइपलाइन लीक होने की वजह से मिटटी का पानी आ रहा था, जो अब ठीक कर दिया गया है, जिसकी जांच उन्होंने खुद मौके पर की है।



सोनीपत। निरीक्षण करते मेयर निखिल मदान साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मेयर निखिल मदान इसके उपरांत वार्ड नंबर 5 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बने वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेयर ने बताया की 5 एम एल डी वाटर स्टोरेज की क्षमता वाले इस वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर जाजल रेनीवेल और मुरथल जल घर में लगे ट्यूबवेल से पर्याप्त मात्रा में पानी आ रहा है। यहां क्रमानुसार 2 -2 मोटर चलायी जाती है, लेकिन आज के निरीक्षण में 2 मोटर नहीं चल पायी। मेयर निखिल मदान ने मोटरों के ना चलने पर मौके पर मौजूद एजेंसी सुपरवाइजर और कर्मचारी को फटकार लगायी और एक दिन के अंदर दोनों मोटर ठीक करने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया की आगामी सप्ताह में वे खुद मौके पर जाकर सभी बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, राजकुमार, जितेंद्र, पवन, हिमांशु, अशोक शर्मा, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय : कादियान

- दतौली में रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली भव्य शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत



गन्नौर। जनसेवक देवेंद्र कादियान का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

**गन्नौर।** विश्व हिंदू परिषद दतौली प्रखंड द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में दतौली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। गांव की मुख्य रास्तों से गुजरी यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में भजन मंडली के भजनों के साथ प्रभु का गुणगान करते श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे थे। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं जनसेवक देवेंद्र कादियान ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया और भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई। यहां पर आयोजकों ने उनका फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विहिप डा. तेजपाल भार्गव, जिला सह मंत्री विहिप रवि कुमार ने की। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र जन जन के लिए अनुकरणीय है। यदि घर परिवार और समाज में राम राज्य की स्थापना करना चाहते हो तो हमें भगवान राम के आदर्श मूल्यों को आत्मसात करना होगा और तभी मनुष्य जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता आजाद नेहरा, प्रदीप, गुरुदीप, दीपक, दत्त शास्त्री, मंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।



राई। माता मनसा देवी के दर्शन करने के लिए कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल महिलाओं को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि


### मां मनसा देवी के दर्शन से मनोकामना पूर्ण : आंतिल

राई। माता मनसा देवी के दर्शन कराने के लिए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने नांदनौर व असदपुर गांव से श्रद्धालुओं के लिए फ्री बस की सुविधा दी। जय माता दी की जयकारे के साथ बस को रवाना किया गया। माता मनसा देवी की महिमा का गुणगान करते हुए जयभगवान आंतिल ने कहा कि नवरात्रों में मां के दरबार में लाखों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालु माता से अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए आशीर्वाद लेते हैं। माना जाता है कि माता मनसा देवी से मांगी गई हर मुराद माता पूरी करती है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि माता मनसा देवी की शरण में आने वालों का कल्याण होता है। मां की भक्ति से अपार सुख मिलते हैं।

### रोलर स्केटिंग में छाए पीयूष, मोइन-मानकी



**सोनीपत।** मालवीय शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल सोनीपत में 12* एनसीआर स्टार रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, इसी में मालवीय शिक्षा सदन के स्केटिंग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 11-14 वर्ग के में पीयूष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10-11 वर्ग में मोइन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 6-8वर्ग में सोफियान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और 8-10वर्ग में मानकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 4-6 वर्ग में वृत्ति ने दूसरे स्थान पर रही। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शम्मी सक्सेना ने सभी विजयी छात्रों को में मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्केटिंग के कोच दुष्यंत सैनी और शिवा कौशिक भी विद्यमान।



गन्नौर। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते स्कूल के निदेशक राकेश यादव।

### प्रतिभागियों को सम्मानित किया

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय में गत दिनों संपन्न हुई हौसलो की उड़ान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में अड़तालीस प्रतिभागियों में से सत्ताइस प्रतिभागियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा आठवीं के होनहार विद्यार्थी मयंक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर मयंक को 2100 रुपये की नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया और शेष प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार, स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र दे कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या ने बच्चों को संदेश दिया कि विद्यार्थियों को बढ़ चढ़ कर इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जिससे उनमें ज्ञान की वृद्धि हो और इससे बच्चे आने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकेंगे।

# ओपन मैराथन में आस्था प्रथम

- प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। प्रयास इंटरनेशल स्कूल के विजेता छात्र ट्राफी के साथ। फोटो :हरिभूमि

सोनीपत में 14 अप्रैल को हुई पहली एनसीआर स्टार रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्र आर्यन, दृश्य व यश ने स्वण, यथार्थ मनन, अभिक व शिवम ने रजत व आर्यन मान, आर्यन, आयुष्मान, देवांश, रेयांश व रोनित ने कांस्य पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं स्कूल की छठी कक्षा की 11 वर्षीय छात्रा आस्था ओपन मैराथन में स्वर्ण जीतने में सफल रही। आस्था पिछले 2 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही है। वह अब तक कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी है। सोमवार को विजेता छात्रों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। स्कूल रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार, प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उप प्राचार्या दीपमाला ने सभी छात्रों का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्कूल निदेशक डा. संजय जैन व अमित बत्रा ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ साथ खेलों को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्हें भरोसा है कि इस बार राजकीय खेलों में प्रयास स्कूल की टीमें अच्छा प्रदर्शन करेंगी।




गोहाना। विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिष्ठा ने स्वर्ण तो कुंज ने कांस्य जीता

गोहाना। हौंसलों की उड़ान ओलंपियाड (2023-2024) के दूसरे स्तर की प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। प्रतियोगिता में गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की भांति शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के चेयरमैन पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।गत वर्ष ग्लोबल पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 5000 रुपये नकद पुरस्कार प्राप्त किया था। इस बार इस प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रतिष्ठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे11 हजार रुपये नकद पुरस्कार व स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा यशिता व कक्षा छठी के छात्र कुंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन दोनों को पदक के साथ स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के 129 विद्यार्थियों ने अनेक पुरस्कार जीते।



राई। आप नेता मास्टर सतनारायण आंतिल युवाओं को पार्टी में शामिल करते हुए।

# आप के परिवार को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया

## कइयों ने आप का दामन थामा

- आम आदमी पार्टी की सदस्यता व ग्राम सचिव की नियुक्ति पर किया स्वागत
- मास्टर सत्यनारायण ताल के नेतृत्व में पार्टी में जताई आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

आम आदमी पार्टी कार्यालय, बहालगढ़ चौक पर शिक्षा सेल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में अकबरपुर बरोटा गांव के लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई और एक नए ग्राम सचिव की नियुक्ति की गई। सभी लोगो ने अरविंद केजरीवाल की विचारधारा और आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सभी लोगो ने आम आदमी पार्टी से जुड़ने पर खुशी जताई और आप के परिवार को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया। सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में अकबरपुर बरोटा गांव के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## नागरिक अस्पताल में लगाया न्यूट्रीशन बाग....




सोनीपत। नागरिक अस्पताल में बाग लगाते क्लब के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**सोनीपत।** इनर व्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने सोमवार को नागरिक अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड के साथ न्यूट्रीशन बाग लगाया। जिसमें आम, अमरूद, केले, नींबू, आड़ू, आंवला, संतरा, चीकू व पपीते आदि के फलदार पेड़ लगाए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. जया किशोर, पीएमओ डॉ. गिन्नी लांबा, क्लब प्रधान नीतू दहिया, उप प्रधान ऊषा भंडारी, बिंदु शर्मा, अल्पना, किरण छाबड़ा, मीनू बल्हारा, सीमा मक्कड़, सुशीला, मंजू छिक्कारा, सुमन खन्ना, प्रेम शर्मा, रेखा राना आदि सदस्य उपस्थित रहे। ऊषा भंडारी ने बताया कि जिला अध्यक्ष उर्वशी मित्तल के निर्देशों पर क्लब द्वारा मरीज के लिए यह बाग लगाया है जिसका लाभ मरीज उठा सकते हैं।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## मिल प्रबंधन ने एप पर डाली जानकारी, गांव में करवाई मुनादी

# गन्ने का वेट ओपन, अंतिम चरण में पेराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी सहकारिता चीनी मिल का पेराई सत्र अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिसके चलते प्रबंधन की तरफ से पर्ची का वेट ओपन किया है। साथ ही प्रबंधन की तरफ से गांव में मुनादी करवाई जा रही है। ताकि गन्ना उत्पादक खेत में बचे हुए गन्ने को मिल में समय पर पहुंचा सके। मिल प्रबंधन की तरफ से एप के साथ-साथ अधिकारियों के फोन पर किसानों से जानकारी हासिल करने की सुविधा दी हुई है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में वर्ष 2023-24 का पेराई सत्र की शुरूआत नंवबर-2023 में हुई थी। सोनीपत चीनी मिल प्रशासन द्वारा किसानों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई थी। इसमें से अब तक मिल प्रशासन द्वारा 26 लाख 70 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा कर लिया है। जबकि एक लाख क्विंटल गन्ना गोहाना भेजा गया था। चंद दिनों पहले करवाए गए सर्वे के अनुसार करीब 2 लाख क्विंटल गन्ना सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र में खेतों में बचा हुआ है। ऐसे में मिल प्रशासन बचे गन्ने की जल्द पेराई करना चाहता है। पिछले 24 घंटे में करीब 19300 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। वहीं मौजूदा समय में मिल क्षेत्र में गन्ना भी अपेक्षाकृत काफी कम बचा हुआ है। बढ़ती गर्मी को देखते रिकवरी रेट अधिक डाउन न जाए, इसके लिए मिल प्रशासन जल्द से जल्द बचे गन्ने की पेराई करके पेराई सत्र को समाप्त करना चाहता है।



### गन्ने को जल्द से जल्द पहुंचाने का आग्रह

चीनी मिल का वर्ष 2023-24 का पेराई सत्र अंतिम चरण में पहुंच चुका है। गन्ना उत्पादकों को नोटिस जारी करके बचे हुए गन्ने को जल्द से जल्द मिल में पहुंचाने का आग्रह किया गया है। गन्ना उत्पादकों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए है। जल्द ही बचे हुए गन्ने की पेराई पूरी करके पेराई सत्र समाप्त किया जाएगा। मिल कर्मचारियों की मदद से पेराई सत्र को बेहत्तर चलाने में कामयाब हुए है। *संजय कुमार, एमडी, चीनी मिल सोनीपत।*

### छात्रा ज्योति ने राष्ट्रीय ऑनलाइन निबंध लेखन में जीता सांत्वना पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंबाला स्थित डीएवी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति कश्यप ने सांत्वना पुरस्कार जीता। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष मोनिका वर्मा ने भी ज्योति को बधाई देते हुए बताया कि इस प्रदर्शन पर उन्हें प्रशस्ति पत्र सहित नगद पुरस्कार राशि से सुशोभित किया गया।